ई-पेपर
डिजिटल संस्करण
निःशुल्क

Seemanchal LIVE

सीमा की हर हलचल पर नज़र

3 पृष्ठ
पढ़ें और साझा करें
seemanchallive.com

वर्ष 1 · अंक 5 | अपडेट: 12:30 pm | पूर्णिया · सीमांचल · बिहार | गुरुवार, 12 नवंबर 2026 | पृष्ठ 1/3

सीमांचल

अररिया में युवती से दुष्कर्म का आरोप, पंचायत में 5 लाख तक देने का प्रस्ताव; पुलिस ने आरोपी को पकड़ा



अररिया। बिहार के अररिया जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ कथित दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि घटना के बाद मामले को पुलिस तक पहुंचने से रोकने के लिए पंचायत स्तर पर दो दिनों तक समझौते की कोशिश की गई। पीड़िता के परिजनों का दावा है कि पंचायत में एक लाख से लेकर पांच लाख रुपये तक देने का प्रस्ताव रखा गया और मामले को दबाने का दबाव बनाया गया। हालांकि, परिवार समझौते के लिए तैयार नहीं हुआ। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने नामजद आरोपी को पकड़ लिया है।

किराना दुकान में घटना को अंजाम देने का आरोप

पीड़िता की बहन के अनुसार, घटना एक नवंबर को दोपहर करीब दो बजे की है। उस समय युवती घर में संचालित किराना दुकान पर मौजूद थी। उसके पिता बाहर रहते हैं, जबकि मां मजदूरी के सिलसिले में गांव गई हुई थीं।

इसी दौरान खरहट पंचायत के नंदकार गितवास निवासी दिनेश विश्वास (30) कथित तौर पर दुकान में पहुंचा। आरोप है कि उसने घर में घुसकर युवती के साथ जबरदस्ती की। घटना के बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी।

पूरी ख़बर: seemanchallive.com/news/araria-police-panchayat-lakh

देश

निशा भगत आत्महत्या मामले में भाजपा का हेमंत सोरेन सरकार पर हमला, CBI जांच के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



रांची। आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता निशा भगत की आत्महत्या के मामले को लेकर झारखंड की राजनीति गरमा गई है। भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार पर आदिवासी ...

पूरी ख़बर: seemanchallive.com/news/government-cbi-investigation

देश

शीतकाल के लिए बंद हुए केदारनाथ धाम के कपाट, इस वर्ष 19.20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



रुद्रप्रयाग, उत्तराखंड। विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट बुधवार, 11 नवंबर को शीतकाल के लिए विधि-विधान और धार्मिक परंपराओं के अनुसार बंद कर दिए गए। इसके साथ ही इस वर्ष की केदारनाथ ...

पूरी ख़बर: seemanchallive.com/news/kedarnath-dham-temple-clos...

ताज़ा ख़बरें

12:29 pm

राजनगर श्मशान भूमि में महाकाली राजकीय पूजा महोत्सव का भव्य शुभारंभ, कला मंत्री ने किया उद्घाटन

मधुबनी: बिहार के मधुबनी जिले के राजनगर स्थित सुंदरवन श्मशान भूमि परिसर में आठ...

12:27 pm

प्रशांत किशोर का शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी पर पलटवार, बोले- मुसलमानों ने भाजपा का साथ क्यों छोड़ दिया, इस पर चिंतन करे पार्टी

पटना, बिहार: बिहार की राजनीति में बयानबाजी का दौर तेज हो गया है। जन...

12:24 pm

छठ महापर्व को लेकर कटिहार में प्रशासन अलर्ट, विभिन्न प्रखंडों में घाटों की साफ-सफाई और तैयारियों की लगातार हो रही निगरानी

कटिहार: लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर कटिहार जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज...

अंदर के पन्नों पर

पृष्ठ 2 · बिहार · राजनीति: चोरी के मामले में भाजपा कार्यकर्ता की गिरफ्तारी पर संजय सराव...

पृष्ठ 3 · देश · मनोरंजन: असम ट्रेन हादसा: डिगारू स्टेशन पर यात्री ट्रेन के 6 डिब्बे प...

विज्ञापन



बिहार

चोरी के मामले में भाजपा कार्यकर्ता की गिरफ्तारी पर संजय सरावगी बोले- अपराधी कोई भी हो, कार्रवाई होगी



पटना, बिहार। दरभंगा में चोरी के मामले में भाजपा के पूर्व नगर कार्यकर्ता की कथित संलिप्तता और गिरफ्तारी को लेकर बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है और अपराध में शामिल व्यक्ति चाहे किसी भी राजनीतिक दल से जुड़ा हो, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

संजय सरावगी ने कहा कि दरभंगा में चोरी की एक घटना सामने आई है, जिसमें भाजपा का पूर्व नगर कार्यकर्ता शामिल पाया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध करने वाले व्यक्ति को किसी भी परिस्थिति में राजनीतिक संरक्षण नहीं दिया जाएगा।

पार्टी भी करेगी कार्रवाई

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह राजद का शासन नहीं है, जहां उनके आरोप के मुताबिक सत्ताधारी दल से जुड़े अपराधियों को संरक्षण मिलता था। उन्होंने कहा कि वर्तमान में एनडीए और भाजपा की सरकार है, जहां कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने आगे कहा कि आरोपी कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, चाहे वह भाजपा से जुड़ा हो या एनडीए के किसी अन्य घटक दल से, अपराध करने पर उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। पार्टी स्तर पर भी संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

संजय सरावगी के इस बयान को पार्टी की ओर से यह संदेश देने के रूप में देखा जा रहा है कि राजनीतिक पहचान या संगठन से जुड़ाव किसी को कानून से ऊपर नहीं बनाता।

पूरी ख़बर: seemanchallive.com/news/sanjay-saraogi-bjp-worker-arrest-darbhanga-theft

बिहार

सुंदरवन में लोकगीतों का जादू, पहले ही दिन छाया एनके लाइव का जलवा; पल्लवी शर्मा की गायिकी पर झूमे दर्शक



प्रदीप कुमार नायक

स्वतंत्र लेखक एवं पत्रकार

राजनगर (मधुबनी)। मधुबनी जिले के राजनगर स्थित सुंदरवन श्मशान भूमि में आयोजित काली पूजा महोत्सव सह सांस्कृतिक उत्सव की पहली रात लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के नाम रही। महोत्सव के पहले ही दिन यहां का परिसर लोक संस्कृति के रंग में रंग गया। मंच पर कलाकारों की प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि हजारों की संख्या ...

पूरी ख़बर: seemanchallive.com/news/sundarvan-kali-puja-folk-songs-festival-madhubani

राजनीति

खड़गे की 'खुशियों की ईद' टिप्पणी पर सुधांशु त्रिवेदी का निशाना, बोले- राजनीति का स्तर गिर रहा है

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की दिवाली को लेकर की गई 'खुशियों की ईद' टिप्पणी पर भाजपा ने एक बार फिर निशाना साधा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने इस बयान पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है, लेकिन राजनीति का स्तर लगातार नीचे जा रहा है।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिवाली को 'खुशियों की ईद' बताया, जो आश्चर्यजनक है। उन्होंने कहा कि खड़गे जिस कर्नाटक राज्य से आते हैं, वहां कन्नड़ भाषा में त्योहार के लिए 'उत्सव' या 'हब्बा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में उन्होंने सवाल उठाया कि दिवाली के संदर्भ में 'ईद' शब्द का इस्तेमाल कहां से आया।

पूरी ख़बर: seemanchallive.com/news/sudhanshu-trivedi-slams-kha...

देश

दिवाली पर पटाखों से प्रदूषण के सवाल पर CM योगी का बड़ा बयान, बोले- एक दिन की आतिशबाजी से क्या चिंता?

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिवाली पर पटाखे और आतिशबाजी से होने वाले प्रदूषण को लेकर उठ रहे सवालों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि दीपावली पर एक दिन आतिशबाजी करने से होने वाला प्रदूषण समाप्त हो जाएगा, लेकिन जिन लोगों ने भ्रष्टाचार के जरिए पूरे सिस्टम को प्रदूषित किया है, उनके खिलाफ कोई आवाज नहीं उठाता।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोगों ने दीपावली का त्योहार पूरे उत्साह और धूमधाम से ...

पूरी ख़बर: seemanchallive.com/news/yogi-adityanath-diwali-firecracker-pollution-remark

विज्ञापन
iSunix BROADCAST
NEXT GENERATION BROADCAST AUTOMATION

देश

असम ट्रेन हादसा: डिगारू स्टेशन पर यात्री ट्रेन के 6 डिब्बे पटरी से उतरे, 8 यात्री घायल



रामबुअल सैहा (मिजो)

नितीश कुमार रॉय

अक्षय चक्रवर्ती

गुवाहाटी, असम। असम के डिगारू रेलवे स्टेशन पर यात्री ट्रेन के करीब छह डिब्बे पटरी से उतरने से रेल हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय प्रशासन, गांव के मुखिया और ग्रामीणों की मदद से यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे में आठ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। सभी घायलों को सोनापुर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है।

सोनापुर राजस्व सर्किल के आपदा प्रबंधन विभाग के फील्ड ऑफिसर सोनू मजूमदार शर्मा ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों ने राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग किया। सभी प्रभावित यात्रियों को सुरक्षित निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

आठ यात्रियों को आई मामूली चोटें

अधिकारी के अनुसार, हादसे में घायल आठ यात्रियों को आपातकालीन उपचार के लिए सोनापुर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार पूरा होने के बाद सभी की हालत खतरे से बाहर है।

घायल यात्रियों की पहचान इस प्रकार की गई है:

पूरी ख़बर: seemanchallive.com/news/assam-train-derailment-digaru-station-8-injured

देश

राहुल गांधी के मोदी को बहस की चुनौती देने पर सैम पित्रोदा का समर्थन, बोले- युवाओं और वंचितों की आवाज उठा रहे हैं राहुल



शिकागो (अमेरिका)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुली बहस की चुनौती देने के मुद्दे पर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने उनका समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पर मीडिया के माध्यम से भारी निवेश और संसाधनों के जरिए व्यक्तिगत हमले किए गए हैं, इसके बावजूद वह मजबूती और साहस के साथ अपनी बात रख रहे हैं।

सैम पित्रोदा ने कहा कि राजनीतिक विरोधी होने के ...

पूरी ख़बर: seemanchallive.com/news/sam-pitroda-backs-rahul-gandhi-debate-challenge-modi

मनोरंजन

Salman Khan की 'मातृभूमि' के ट्रेलर ने मचाया धमाल, देशभक्ति और इमोशन देख फैंस हुए उत्साहित; 20-30 करोड़ की ओपनिंग का अनुमान

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मातृभूमि: मे वॉर रेस्ट इन पीस' का ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर चर्चा में आ गया है। 10 नवंबर की रात रिलीज हुए करीब साढ़े चार मिनट के ट्रेलर में देशभक्ति, सैनिकों का बलिदान, युद्ध की भयावहता और परिवारों के भावनात्मक संघर्ष को दिखाया गया है। ट्रेलर को लेकर सलमान खान के प्रशंसकों में उत्साह देखने को मिल रहा है, हालांकि कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने इसकी आलोचना भी की है।

सैनिकों के संघर्ष और परिवार के बलिदान की कहानी

फिल्म का ट्रेलर एक सैनिक की जिंदगी के अलग-अलग पहलुओं को सामने लाता है। इसमें दिखाया गया है कि देश की सुरक्षा में ...

पूरी ख़बर: seemanchallive.com/news/salman-khan-matrubhoomi-t...

विज्ञापन
iSunix
BROADCAST
NEXT GENERATION BROADCAST AUTOMATION